## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 13.02.2026 (सुबह – 0830 बजे)
## मुख्य समाचार

1. **जेपीएससी परीक्षा में उम्र सीमा विवाद पर हाईकोर्ट का अंतरिम आदेश, याचिकाकर्ताओं को फॉर्म भरने की दी अनुमति, कहा– अभ्यर्थियों का परीक्षाफल अदालत की अनुमति के बिना प्रकाशित नहीं किया जाएगा।**

2. **झारखंड विधानसभा बजट सत्र से पहले सुरक्षा अलर्ट, झारखंड पुलिस मुख्यालय ने मंत्रियों और विधायकों की सुरक्षा बढ़ाने और गश्त तेज करने के दिए निर्देश।**

3. **निकाय चुनाव को लेकर प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार अभियान में हुआ तेज, पीठासीन पदाधिकारियों और मतदान पदाधिकारियों का प्रशिक्षण शुरू।**

4. **बांका जंक्शन के निरीक्षण के दौरान पूर्व रेलवे जोन के महाप्रबंधक ने जसीडीह–देवघर–बांका के बीच नई मेमू ट्रेन सेवा शुरू करने की घोषणा की, दैनिक यात्रियों को आवागमन में मिलेगी बड़ी सुविधा।**

5. **लोहरदगा में आयोजित बलदेव साहू मेमोरियल टी–20 क्रिकेट में खिताबी मुकाबला पलामू जगलर्स और लोहरदगा लायंस के बीच आज, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन होंगे कार्यक्रम में शामिल।**

*************************

झारखंड उच्च न्यायालय में झारखंड लोक सेवा आयोग की संयुक्त सिविल सेवा प्रतियोगिता परीक्षा–2025 में उम्र सीमा में छूट से संबंधित याचिका पर सुनवाई हुई। जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने याचिकाकर्ताओं का पक्ष सुनने के बाद उन्हें अंतरिम राहत प्रदान की। अदालत ने याचिकाकर्ताओं को परीक्षा फॉर्म भरने की अनुमति देते हुए जेपीएससी को निर्देश दिया कि वह उनके ऑफलाइन आवेदन स्वीकार करे। हालांकि न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि इन अभ्यर्थियों का परीक्षाफल अदालत की अनुमति के बिना प्रकाशित नहीं किया जाएगा।

*************************

झारखंड विधानसभा के प्रस्तावित बजट सत्र को लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय ने सुरक्षा अलर्ट जारी किया है। 18 फरवरी से 19 मार्च तक चलने वाले सत्र के मद्देनजर मंत्रियों और विधायकों की सुरक्षा पुख्ता करने तथा गश्त तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। अलर्ट के अनुसार, सत्र में शामिल होने के लिए जनप्रतिनिधि 17 या 18 फरवरी को अपने–अपने क्षेत्रों से रांची पहुंचेंगे और सत्रावसान या अवकाश के दिनों में वापस लौट सकते हैं। पूर्व में हुई उग्रवादी घटनाओं के मद्देनजर आशंका जताई गई है कि उनके आवागमन के दौरान अपराधी या माओवादी तत्व उन्हें निशाना बना सकते हैं।

*************************

निकाय चुनाव को लेकर प्रत्याशियों ने प्रचार अभियान में पूरी ताकत झोंक दी है। अपने–अपने क्षेत्रों में उम्मीदवार सुबह से शाम तक जनसंपर्क और प्रचार–प्रसार में जुटे हुए हैं। इधर चुनाव प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए पीठासीन पदाधिकारियों और मतदान पदाधिकारियों का प्रशिक्षण भी शुरू हो गया है। रांची में आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 21 फरवरी तक चलेगा। प्रशिक्षण के पहले दिन एक हजार 617 कर्मियों ने भाग लिया। अधिकारियों ने मतदान प्रक्रिया, ईवीएम संचालन और आचार संहिता से संबंधित आवश्यक जानकारी दी।

*************************

राज्य के 48 नगर निकायों में होने वाले चुनाव के लिए प्रचार अभियान अब चरम पर है। रांची जिले में प्रत्याशी घर घर जाकर जन संपर्क अभियान चला रहे है। और जानकारी दे रहे है हमारे संवाददाता।

************************

आज विश्व रेडियो दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस हर वर्ष 13 फरवरी को 1946 में संयुक्त राष्ट्र रेडियो की स्थापना की स्मृति में मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है– **"रेडियो और कृत्रिम बुद्धिमत्ता: एआई एक उपकरण है, आवाज़ नहीं।"** विश्व रेडियो दिवस 2026 के अवसर पर आकाशवाणी रायपुर, छत्तीसगढ़, यूनेस्को के सहयोग से आज एक विश्व रेडियो दिवस संगोष्ठी आयोजित कर रहा है।

************************

जसीडीह और देवघर के रेल यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने बांका जंक्शन के निरीक्षण के दौरान जसीडीह से देवघर होते हुए बांका तक नई मेमू ट्रेन सेवा शुरू करने की घोषणा की है। प्रस्तावित योजना के अनुसार यह मेमू ट्रेन सुबह लगभग पांच बजे देवघर से प्रस्थान करेगी और करीब छह बजे बांका जंक्शन पहुंचेगी। इस सेवा के शुरू होने से क्षेत्र के हजारों दैनिक यात्रियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी।

************************

इधर, पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर और मालदा रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता ने कल गोड्डा रेलवे स्टेशन का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की।

************************

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि राहुल गांधी को देश के किसानों की चिंता नहीं है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री चौहान ने कहा कि राहुल गांधी कभी भी किसानों के सशक्तिकरण के पक्ष में नहीं रहे हैं और अक्सर राष्ट्रविरोधी बयान देते हैं।

************************

कृषि विज्ञान केंद्र परिसर खूंटी में कल जिला कृषि विकास मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रगतिशील किसानों ने अपने स्टॉलों के माध्यम से बेहतर कृषि उत्पादों, साग–सब्जियों, फल–फूल, आधुनिक कृषि यंत्रों, उन्नत खाद–बीज तथा नर्सरी के पौधों का प्रदर्शन किया। 90 किसानों को तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया ने कृषि संयंत्रों का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह किसानों के लिए अच्छी पहल है।

************************

हजारीबाग पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का खुलासा किया है। जिले के एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर गठित एसआईटी ने कार्रवाई करते हुए छह वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। एएसपी हजारीबाग अमित कुमार ने बताया कि आरोपियों ने हजारीबाग में 10 चार पहिया गाड़ियों की चोरी की बात स्वीकार की है।

************************

लोहरदगा में आयोजित बलदेव साहू मेमोरियल टी–20 क्रिकेट में खिताबी मुकाबला पलामू जगलर्स और लोहरदगा लायंस के बीच खेला जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी शामिल होंगे। आज खेले जाने वाले फाइनल मुकाबले से पहले कल नामचीन क्रिकेटर हरभजन सिंह और वीरेंद्र सहवाग भी लोहरदगा पहुंच चुके है।

************************

**<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>**

रांची से प्रकाशित अधिकांश अखबारों ने रांची समाहरणालय को बम से उड़ाने की मिली धमकी की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से लिया है।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है – झारखंड की 31 जेलो में सिर्फ चार जेलर, अब रिटायर्ड सैन्य अधिकारी की कान्ट्रैक्ट पर की जाएगी नियुक्ति।

**प्रभात खबर** लिखता है – डीएमएफटी फंड की गड़बड़ी पर सीएम गंभीर, सभी जिलों में शुरू होगी जांच
**हिंदुस्तान** ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से लिखा है – डीजीपी चयन प्रक्रिया एक माह में पूरी करे।
और
**दैनिक जागरण** ने कोकर में बेकाबू कार ने ई रिक्शा को रौंदा, महिला की मौत खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

*****************